Regarding Train Services

श्री सुनील कुमार सोनी (रायपुर) : माननीय सभापति महोदय, आज़ादी के बाद पहली बार छत्तीसगढ़ में रेल विभाग को लगभग 7 हजार करोड़ रुपए दिए गए हैं, जिसके लिए मैं प्रधानमंत्री मोदी जी का धन्यवाद करता हूँ ।

अधोसंरचना निर्माण के कारण लम्बे समय से रद्द या विलम्ब हो रही ट्रेन्स को पुन: चालू करने के लिए मैं मंत्री जी से निवेदन करता हूँ कि कार्य का शीघ्र समापन करके फिर से ट्रेन्स को समय पर चलायी जाए । पहले जिन स्टेशंस पर स्टॉपेजेज थे, वहाँ पर पुन: स्टॉपेज की व्यवस्था हेतु निर्देशित किया जाए । छत्तीसगढ़ में वंदे भारत ट्रेन शुरू की गई है, उसके लिए मैं माननीय मोदी जी और माननीय रेल मंत्री जी को धन्यवाद देता हूँ । इसके अलावा वहाँ और भी फास्ट ट्रेन्स चालू की जाए, मैं यह भी निवेदन करता हूँ ।